आकाशवाणी, भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 01.11.2025 समय : 07.10AM

**मुख्य समाचार :-**

- **प्रदेश में स्थापना दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस "अभ्युदय मध्यप्रदेश" का शुभारंभ करेंगे।**
- **'पीएम श्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा' की आज से शुरुआत।**
- **भारत ने "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत तीन गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाये हैं।**
- **देव प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर आज शाम दीपोत्सव।**

**स्थापना दिवस**

मध्यप्रदेश आज अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने इस अवसर पर पद्रेष की जनता को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश के स्थापना दिवस के मौके पर राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में आज से 3 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम 6.30 बजे 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस "अभ्युदय मध्यप्रदेश" का शुभारंभ करेंगे। आज शाम साढ़े छह बजे कार्यक्रम का शुभारंभ ड्रोन शो से होगा। 2 और 3 नवंबर को सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित महानाट्य का आयोजन होगा। साथ ही विभिन्न कलाकारों द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति दी जायेगी। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य की महागाथा को बताया जायेगा।

**स्थापना दिवस प्रदेश**

प्रदेश में स्थापना दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इंदौर में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य में प्रातः 11 बजे से स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर विकास गतिविधियों एवं उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। शासकीय भवनों में रोशनी की जायेगी। खंडवा में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी। आगरमालवा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक गतिविधियों एवं उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। नर्मदापुरम जिले में शासकीय कार्यालयों में मध्यप्रदेश गान होगा। वहीं प्रसिद्ध सेठानी घाट पर 51 हजार दीपों का दान किया जाएगा। स्वदेशी उत्पादकों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। सीहोर, नीमच, झाबुआ,ग्वालियर और पन्ना सहित अन्य जिलां में भी स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया जायेगा।

**पीएम आर्य सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लाला लाजपत राय जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने आर्य समाज से प्रेरणा ली और स्वयं को स्वतंत्रता आन्दोलन के लिए समर्पित कर दिया। कल दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने स्वामी दयानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्य समाज एक ऐसा संगठन है कि जो निर्भीक होकर भारतीयता की बात करता है।

**देवी अहिल्या मिशन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महिलाओं की कठिनाइयों को दूर करने के साथ उनके सामाजिक और आर्थिक स्तर में सुधार के प्रयास निरंतर जारी रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारंभ किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार के लिए सरकार द्वारा सैनिटेशन एवं हाइजीन योजना चलाई जा रही है। योजना के अंतर्गत छात्राओं को सेनेटरी पैड्स क्रय के लिए सहायता राशि सीधे इनके बैंक खातों में भेजी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक प्रदेश की 20 लाख से अधिक बेटियों को 118 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता राशि इनके खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है।

## हेलीकॉप्टर सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजा भोज एयरपोर्ट भोपाल से 'पीएम श्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा' का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में मिलने जा रही इस नई हेलीकॉप्टर सेवा का नियमित संचालन आगामी 20 नवम्बर से होगा। इस अवसर पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, केन्द्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित रहेंगे।

## जीएसटी

नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में सुधार के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देशभर में लोगों को लाभ हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इन सुधारों से स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को फायदा मिला है।

*नये जीएसटी सुधारों के अंतर्गत, सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी कर कटौती कर लोगों को बड़ी राहत दी है। नये कर ढांचे के अंतर्गत सरकार ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर पहले लगने वाले 18 प्रतिशत जीएसटी को खत्म कर अब पूरी तरह से कर-मुक्त कर दिया गया है। यह निर्णय स्वास्थ्य बीमा को अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करेगा और लोगों के इलाज पर होने वाले खर्च को भी कम करेगा। जीएसटी 2.0 में सरकार ने कैंसर और गंभीर दीर्घकालीक बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 33 जीवन रक्षक दवाओं को भी पूरी तरह से कर मुक्त कर दिया है। वहीं सरकार ने गॉज, पट्टियाँ, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और थर्मामीटर जैसी विभिन्न दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर भी जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में दिल्ली के फार्मासिस्ट प्रदीप सिंह ने कहा कि दवाओं पर हुई इस कमी से मरीजों को काफी राहत मिली है। डेफिनेटली पेशेंट को बेनिफिट हुआ है जो टेक्स 12 परसेंट था वो घटकर 5 परसेंट रह गया है। सीधा-सीधा पेशेंट को सात परसेंट का बेनिफिट हुआ है और जिन दवाओं पर 18 परसेंट था उन दवाओं पर भी 5 परसेंट हो गया है तो पेशेंट को बहुत बेनिफिट हुआ है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों ने दवाओं की कीमत को स्वास्थ्य सेवा को लोगों के लिए सुलभ और अधिक किफायती बनाया है। रिशु और सौम्या के साथ, सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

## भारत-स्वास्थ्य रिकॉर्ड

भारत ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत तीन गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाये हैं। 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक चले इस अभियान में अभूतपूर्व सामुदायिक भागीदारी रही। इस पहल से कई रिकॉर्ड बनेए जिसमें एक महीने में स्वास्थ्य सेवा प्लेटफ़ॉर्म पर पंजीकरण कराने वाले तीन करोड 21 लाख से अधिक लोग शामिल हैं। अभियान में एक हफ़्ते में नौ लाख चौरानबे हज़ार से ज़्यादा महिलाओं ने स्तन कैंसर की ऑनलाइन जाँच के लिए पंजीकरण कराया जोकि एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा, राज्य स्तर पर एक सप्ताह में रिकॉर्ड एक लाख पच्चीस हजार लोगों ने विभिन्न रोगों के लक्षणों की जांच के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया।

## देव प्रबोधिनी एकादशी

देव प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर आज शाम दीपोत्सव पर्व-2025 के तहत राम पथ गमन क्षेत्र के 9 स्थलों पर 3 लाख 51 हजार 111 दीपों से भगवान राम, माता सीता, माँ नर्मदा, माँ मंदाकिनी की दीप आराधना की जाएगी। दीप प्रज्वलन के साथ ही भक्ति संगीत संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। भक्ति संगीत संध्या में प्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकार भाग लेंगे।

## समाचार संक्षेप

- **इंदौर** के ग्रामीण क्षेत्रों में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान 2.0 शुरू किया जायेगा। इसके लिए इंदौर शहर से लगी हुई व प्रमुख राजमार्गो के समीप कुल 32 पंचायतें अभियान के प्रारम्भिक चरण में चयनित की गयी है।
- ऐतिहासिक **ग्वालियर** दुर्ग पर लाइट एण्ड साउण्ड शो के समय में बदलाव किया गया है। आज से हिंदी में लाइट एण्ड साउण्ड शो का समय अब सायंकाल साढ़े छ: बजे से सायं सात बजकर पांच मिनट तक रहेगा।
- **डिंडोरी** जिले में कल देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गये।
- **झाबुआ** में कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में नशीले पदार्थों की रोकथाम संबंधी बैठक में नशीली दवाओं की रोकथाम और जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।
- **नर्मदापुरम** में देवउठनी एकादशी के अवसर पर बाल विवाहों को रोकने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है।
- **आगरमालवा** स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में कल वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में छात्रों को बचत एवं बैंकिंग के लाभ, डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग, साइबर सुरक्षा, सरकारी बीमा एवं पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।
- **रायसेन** में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति, जिला चिकित्सालय की कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित की गई।

******